दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोबाईल छीनकर स्कूटी सवार भागे,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। मोबाईल पर बात करते वक्त स्कूटी सवार दो युवक मोबाईल छीनकर भागे । घटना की रिपोर्ट देवेन्द्रनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार निवासी एमआईजी 53 नेहरुनगर बिलासपुर निवासी कुमार अभिषेक ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि हेरिटेज अस्पताल के सामने देवेन्द्रनगर में मोबाईल पर बात करते समय पीछे से आकर स्कूटी सवार दो युवक एप्पल कंपनी का मोबाईल फोन कीमत 35 हजार रुपये को छीनकर भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### शराब पीने पैसा नही देने पर धारदार हथियार से मारकर किया घायल

रायपुर (आरएनएस)। शराब पीने पैसा नही देने पर युवक को नुकीली चीज से वार कर घायल किये जाने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार निवासी बजरंग चौक मठपुरैना रायपुर निवासी लखन नेताम 27 वर्ष पिता हृदय राम नेताम ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि हलका तालाब के पास मठपुरैना टिकरापारा रायपुर में देवेन्द्र तिवारी 23 वर्ष पिता निवासी मठपुरैना टिकरपारापा रायपुर ने शराब के लिये पैसा मांगा नही देने पर नुकीली चीज से पंजा व जांघ पर मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### काम करते वक्त मजदूर उंचाई से गिरा, इलाज के दौरान मौत

रायपुर (आरएनएस)। काम करते वक्त मजदूर कंपनी में उचाई से गिरने पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुरक्षा में लापरवाही पाये जाने पर धरसींवा थाना पुलिस ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार एस के सर्वानी कंपनी सिलतरा धरसींवा रायपुर में काम करते वक्त निवासी गिरोद बिना सुरक्षा व्यवस्था रवि कुमार 33 वर्ष पिता दुकलहा गिर गया जिसके चलते इलाज के दौरान उसकी मौत हो जाने पर पुलिस ने पुलिस ने नवीन सर्वानी पिता एम एल सर्वानी व लोरिक प्रसाद पिता स्व.कन्हैया यादव निवासी एम के सर्वानगी कंपनी सिलतरा धरसींवा के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज किया है।

### महतारी एक्सप्रेस की ठोकर से एक की मौत एक घायल

सुकमा (आरएनएस)। सम्राट नगर सुकमा में महतारी एक्सप्रेस ने दो युवक को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत मौके पर ही हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा है। मामले के बारे में जानकारी देते हुए सुकमा थाना प्रभारी ने बताया कि दोरनापाल में रहने वाला सरफराज सिद्की अपने भाई सरफराज सिद्की के साथ पिकअप में किराना समान लेकर जगदलपुर के लिए निकला था। इसी दौरान अचानक सम्राट नगर के पास पिकअप पंचर हो गई। जिसके बाद दोनों भाई पिकअप का चक्का बदल रहे थे कि अचानक पीछे से आ रही महतारी एक्सप्रेस के चालक ने दोनों भाई को ठोकर मार दी। इस घटना में सरफराज सिद्की की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे भाई का पैर फ्रैक्चर होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### बहला-फुसलाकर नाबालिग को चेन्नई ले जाकर किया अनाचार

रायपुर (आरएनएस)। नाबालिग के साथ पति -पत्नी की तरह एक माह तक जीवन यापन करने के बाद युवक वापस उसके घर लाकर छोड़ दिया व किसी को घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्वाति विहार रायपुर में निवासी नाबालिग लड़की 16 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बोंगोमुड़ा उड़ीसा निवासी निलेश छूरा 15 मई को अपने साथ शादी का प्रलोभन देकर बहल-फुसलाकर मांग में सिंदुर भर दिया व चेन्नई स्थित अपने लेबर रुम में रखकर शारीरिक संबंध बनाते रहा एक माह बाद रायपुर लाकर छोड़ दिया व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# शिक्षकों के वेतन के मुद्दे पर पर सीएम के निर्देश के बाद हरकत में आया विभाग

**» तीन अफसरों को शो-कॉज नोटिस जारी » 3 दिन के भीतर जवाब किया तलब, पूछा- क्यों नहीं मिला वक्त पर वेतन**


रायपुर। निकाय क्षेत्र के शिक्षकों के 4 महीने से वेतन भुगतान नहीं किये जाने को सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हस्तक्षेप के बाद तत्काल शिक्षाकर्मियों को वेतन का भुगतान तो हो गया, लेकिन शिक्षकों को वेतन के लिए तरसाने वाले जिम्मेदारों पर भी गाज गिरनी तय हो गयी है। नगरीय प्रशासन विभाग ने चार अफसरों को शो-कॉज जारी किया है।

जिन अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है, उनमें नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक पीबी काशी, अनुदान शाखा के कार्यपालन अभियंता श्याम पटेल, तखतपुर के सीएमओ प्रह्लाद पांडेय और अनुदान शाखा के अधिकारी ईश्वर ताम्रकार शामिल हैं।

इन सभी अफसरों से 3 दिन के भीतर जवाब तलब किया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग के अवर संचालक की तरफ से ये नोटिस जारी किया गया है। 0 शो काज में साफ उल्लेखित है कि अगर सही जवाब नहीं मिला तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग के इस कदम का छत्तीसगढ़ पंचायत नगरीय निकाय शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रभारी विवेक दुबे ने स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि तखतपुर ब्लॉक के शिक्षाकर्मी साथियों के ट्वीट पर जिस प्रकार मुख्यमंत्री जी ने संज्ञान लेते हुए वेतन भुगतान की व्यवस्था बनाई है वह प्रशंसनीय है । जरूरत है इस बात की कि ऐसे ही अन्य जिले और ब्लॉक के विषयों में भी संज्ञान लेते हुए वहां वेतन भुगतान की व्यवस्था कराई जाए क्योंकि प्रदेश के ऐसे अनेक ब्लॉक हैं जहां 2 से लेकर 5 माह तक के वेतन का भुगतान रुका हुआ है साथ ही ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जिनके चलते ऐसी स्थिति निर्मित होती है । जिम्मेदार अधिकारियों पर जैसे ही कार्यवाही होगी अपने आप व्यवस्था सुधरने लगेगी , बहरहाल प्रदेश के शिक्षाकर्मियों को पूर्ण विश्वास है कि उन्हेंने मुख्यमंत्री जी को उनके फेसबुक और ट्विटर अकाउंट पर अपने जिला और ब्लॉक में वेतन भुगतान न होने की जानकारी जिस प्रकार दी है उसका संज्ञान लेते हुए उनका भी वेतन भुगतान शीघ्र अति शीघ्र कराया जाएगा ।



## प्रशासनिक लापरवाही से हजारों किसान सम्मान निधि से हुए वंचित

जगदलपुर (आरएनएस)। राजस्व और कृषि विभाग की कार्यप्रणाली से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मिलने वाले 2 हजार रुपए की राशि, बस्तर जिले के 84 हजार से अधिक किसानों को यह राशि नहीं मिल सकेगी। इसका कारण यह है कि किसानों के आंकड़े अभी तक पूरी तरह इन विभागों के पास नहीं दिये गये हैं। इस प्रकार विभागों की लापरवाही से इसका नुकसान किसानों को हो रहा है।



उल्लेखनीय है कि जिले में 1 लाख 11हजार 803 किसान हैं। इनमें से 31 हजार 994 किसानों की ऑनलाइन एंट्री की गई गई थी। 80 हजार से अधिक किसानों की ऑनलाइन एंट्री नहीं होने से ये सभी किसान लाभ से वंचित रह गये। समूचे घटना क्रम में राजस्व और कृषि विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। इस संबंध में यह विशेष तथ्य है कि फरवरी में बनाई गई इस योजना से एक किसान को साल भर में 6 हजार रुपए केंद्र सरकार द्वारा सम्मान निधि के रूप में दिए जाते हैं। इस संबंध में भू-अभिलेख शाखा के अधीक्षक एसके सिरमौर ने बताया कि इस योजना में 32 हजार किसानों की जानकारी ऑनलाइन भेजी गई है। 27 हजार किसानों के फार्म की जांच के बाद उनकी प्रविष्टि कर ली गई है।

## रायपुर से गोंदिया के मध्य चलने वाली कई मेमू ट्रेनें रद्द

**रद्द होने वाली गाड़ियों में रायपुर, डोंगरगढ़, रायपुर-गोंदिया, डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू शामिल**

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे प्रशासन द्वारा दुर्घटनारहित परिचालन सुनिश्चित करने आधुनिकीकरण एवं संरक्षा संबंधी कार्यों को जल्दी से जल्दी पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है । इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न सेक्शनों में आधुनिकीकरण एवं संरक्षा संबंधी कार्यों के चलते आज रविवार को रायपुर एवं इतवारी के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 58205 रायपुर-इतवारी पैसेंजर रद्द कर दी गई है। रद्द होने वाली अन्य गाड़ियों में गाड़ी संख्या 58206 इतवारी-रायपुर पैसेंजर, रायपुर एवं डोंगरगढ़ के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 68709 रायपुर.डोंगरगढ़ मेमु, डोंगरगढ़-रायपुर मेम, रायपुर-डोंगरगढ़ मेमु, डोंगरगढ़-गोंदिया मेमु, गोंदिया-रायपुर मेमु, रायपुर-डोंगरगढ़ मेमु तथा गाड़ी संख्या 68730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमु रद्द कर दी गई है। यह सभी गाड़िया 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार तथा रविवार को रद्द रहेगी।



## नक्सलियों ने ग्रामीण को मौत के घाट उतारा

**» पुलिस मुखबिरी के संदेह में की गयी हत्या**

सुकमा (आरएनएस)। सुकमा जिले के मरईगुड़ा थाना क्षेत्र में बीती रात नक्सलियों ने एक ग्रामीण मड़कम नंदा की पुलिस मुखबिरी के संदेह में गला रेतकर निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी।

सूत्रों के अनुसार बीती रात बोंकामड़गू गांव निवासी मड़कम नंदा के घर 8-10 वर्दीधारी हथियारबंद नक्सली आ धमके। नक्सलियों ने नंदा को घर से बाहर निकाला और बंदूक की नोक पर अगवा कर जंगल की ओर ले गए। आज सुबह उसका शव मुख्य मार्ग पर पड़ा मिला।

लाश के प्रथम दृष्टया अवलोकन से यह साबित होता है कि हत्या से पहले उसे लाठी डंडों से बुरी तरह पीटा गया, बाद में कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गयी। लाश के समीप नक्सली परचा भी मिला है, जिसमें पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया गया है।

सुकमा एसपी शलभ सिंहा ने बताया कि हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस बल घटनास्थल की ओर रवाना कर दिया गया है।



## कनाडा दौरे से लौटे मंत्री कवासी लखमा

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा आज कनाडा दौरे से लौट आए। उन्होंने संक्षिप्त रूप में केवल इतना कहा कि प्रदेश के युवाओं के लिए और खासकर उनके रोजगार और व्यापार, उद्योग में काम करने, प्रशिक्षण के लिए कनाडा सबसे बेहतर जगह है।

अपने कनाडा दौरे के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए लखमा ने कहा कि वे अपने अधिकारियों की टीम के साथ कनाडा गए थे। वहां के ऑटोमोबाइल कंपनी के अफसरों से चर्चा हुई और कई योजनाओं के लिए एमओयू साइन किया गया। उन्होंने कहा कि यहां के युवाओं को कनाडा में ट्रेनिंग दिलाने के लिए और खासकर उनकी क्षमताओं के विकास के लिए तथा व्यापार-व्यवसाय के क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को अग्रणी बनाने के लिए सरकार भी गंभीर है। जरूरत पड़ी तो यहां के युवाओं को प्रशिक्षण के लिए कनाडा भी भेजा जाएगा।

## विश्व योग दिवस पर 21 जून को फुटबाल ग्राउण्ड में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

कोरबा (आरएनएस)। 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम सीएसईबी (ईस्ट) फुटबाल ग्राउंड कोरबा में प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला, विकासखंड, नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी सामूहिक योग प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने बताया कि 21 जून योग दिवस को पूर्व वर्षानुसार समस्त नगरीय निकायों, समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थाओं, समस्त विकासखंड , ग्राम पंचायत स्तर पर समयानुसार प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक प्रशिक्षण योग प्रशिक्षकों के माध्यम से भव्य आयोजन किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। नगरीय निकायों एवं विकासखंड स्तर पर विधायक, नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में




आयोजन किये जाने के निर्देश दिए गये हैं। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल द्वारा जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सभी विभाग प्रमुखों को अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों सहित उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों को कार्यक्रम में योगासन के अनुरूप यथा संभव सफेद, ढीले परिधान में उपस्थित होने निर्देशित किया गया है। योग के कार्यक्रम में आम नागरिक भी सम्मिलित हो सकते है। कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन हेतु अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपा गया है।



## एयर पिस्टल व चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। एयर पिस्टल व चाकू के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मिनी मार्केट सेक्टर 28 नवागांव अटलनगर निवासी मोहम्मद असीर 19 वर्ष पिता मोहम्मद अनीफ को पुलिस ने एक नग एयर पिस्टल एवं एक नग चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध कायम कर राखी थाने में कार्रवाई किया गया है।

## हाथियों के दल ने फिर किया 16 पाइप को क्षतिग्रस्त

कोरबा (आरएनएस)। बालको रेंज में 52 हाथियों का दल लगातार दूधीटांगर के आसपास विचरण कर रहा है। शनिवार की रात यह दल निकटस्थ ग्राम खाताखेत पहुंच गया और वहां किसानों के खेत में लगे 16 पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे संबंधित किसान को रूपए 5 हजार का नुकसान उठाना पड़ा है।



खेतार में पाइप तोड़ने के बाद हाथियों का यह दल जंगल के कम्पार्टमेंट क्रमांक पी 944 में पहुंच गए। इस दल को आज सुबह यहां विश्राम करते हुए देखा गया। दल में 20 नरए 21 मादा तथा 11शावक शामिल है। दल में बड़ी संख्या में शावक हाथियों के होने के कारण यह लंबे समय से यहां जमा हुआ है। बड़ी संख्या में हाथियों की उपस्थिति से ग्रामीण काफी भयभीत है तथा मारे डर के वे वनोपज संग्रहण के लिए जंगल नहीं जा पा रहे हैए जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही हैए उधर दो दंतैल हाथियों ने एक बार फिर लेमरू रेंज में दस्तक दे दी है। दंतैल को यहां के जंगल में विचरण करते हुए देखा गया और जानकारी वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग का अमला चौकन्ना हो गया है और हाथियों की निगरानी में जुट गया है।

## भूत में नजर आएंगे विकी कौशल और भूमि पेडनेकर

बॉलीवुड के टैलेंटेड एक्टर्स में से एक विकी कौशल भानु प्रताप सिंह की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म में नजर आनेवाले हैं और इस फिल्म का नाम भूत रखा गया है। नाम से साफ है कि फिल्म एक हॉरर फिल्म है, जिसमें विकी कौशल के साथ भूमि पेडनेकर भी नजर आनेवाली हैं। बता दें कि एकसाथ दोनों की यह पहली फिल्म है।

इस फिल्म को शशांक खेतान और करण जौहर प्रड्यूस कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले तक इस फिल्म को लेकर चर्चा ही थी और कोई ऑफिशल अनाउंसमेंट नहीं किया गया था। अब विकी कौशल, भूमि पेडनेकर, करण जौहर आदि ने अपने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर करते हुए इसकी ऑफिशल घोषणा कर चुके हैं।



इस फिल्म को लेकर ऑफिशल अनाउंसमेंट के साथ ही फिल्म का फर्स्ट पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर में फ्लाइट की एक खिड़की नजर आ रही है, जिसका कांच टूटा हुआ है। इस खिड़की में विकी कौशल का चेहरा दिख रहा है, जो चीखते नजर आ रहे हैं। इस खिड़की का कांच टूटा हुआ नजर आ रहा है, जिसमें से बढ़े हुए नाखून वाला भूतिया हाथ विकी के चेहरे को नोंचता सा दिख रहा है। बता दें कि इससे पहले करण जौहर कर चुके थे कि फिल्म को लेकर ऑफिशल अनाउंसमेंट सोमवार को किया जाएगा, जो उन्होंने कर दिया है।

## खान त्रिमूर्ति के साथ काम कर खुशी होगी :तापसी पन्नू

बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू का कहना है कि उन्हें खान त्रिमूर्ति के साथ काम कर बेहद खुशी होगी। तापसी पन्नू ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना ली है। तापसी के पास ऑफर्स की भरमार है। तापसी ने अभी तक शाहरुख, सलमान और आमिर में से किसी भी खान के साथ काम करने का मौका नहीं मिला है। तापसी ने खान सितारों के साथ काम करने को लेकर बातचीत की है।

बॉलीवुड के खान त्रिमूर्ति के साथ काम करने के सवाल पर तापसी ने कहा, मुझे उनके साथ काम करने में बेहद खुशी होगी। बचपन में मैंने तीनों खान्स की फिल्में देखी है, लेकिन मैं किसी एक को अपना फेवरेट नहीं चुन सकती। मुझे सलमान खान उनकी पर्सनालिटी की वजह से पसंद हैं, शाहरुख़ और रोमांस... किसी भी लड़की का सपना राहुल जैसा बॉयफ्रेंड पाने का होगा। मुझे आमिर खान को देखना पसंद है क्योंकि वो बहुत दिलचस्प एक्टर हैं। तापसी ने कहा, मैंने शुरुआत में तीनों में से एक खान के साथ फिल्म मिलने का इंतज़ार किया था, लेकिन मुझे ऐसा कोई मौका नहीं मिला।



## बॉक्स ऑफिस पर भिड़ेगी अक्षय कुमार की मिशन मंगल और प्रभास की साहो

दर्शकों को इस बार 15 अगस्त के मौके पर दो सुपरस्टार के बीच बॉक्स ऑफिस जंग होती देखने को मिलने वाली है। 15 अगस्त 2019 को प्रभास की फिल्म साहो रिलीज होने वाली है और अब अक्षय कुमार स्टारर फिल्म मिशन मंगल के मेकर्स ने भी कन्फर्म कर दिया है कि वह भी अपनी मूवी की रिलीज डेट बदलने नहीं वाले हैं और इसे स्वतंत्रता दिवस पर ही रिलीज किया जाएगा।

प्रभास और अक्षय की फिल्मों की जंग आसान नहीं होने वाली है। अक्षय जहां बॉक्स ऑफिस किंग हैं तो वहीं प्रभास बाहुबली के जरिए हिन्दी सिनेमा प्रेमियों के दिल में मजबूत जगह बना चुके हैं।




वहीं गुरुवार को रिलीज हुए साहो के टीजर को दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला है। लोगों ने अपनी फीलिंग्स जाहिर करते हुए लिखा कि वह इस मूवी को देखने के लिए बेकरार हैं।

फिल्म मिशन मंगल की बात की जाए तो इसमें अक्षय के साथ ही, विद्या बालन, तापसी पन्नू, सोनाक्षी सिन्हा और शरमन जोशी जैसे सितारे दिखाई देने वाले हैं। इस फिल्म की कहानी इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO) के वैज्ञानिकों के इर्द-गिर्द बुनी गई है जो कि मार्स ऑर्बिटर मिशन में हिस्सा लेते हैं।

अब 15 अगस्त को होने वाली जंग में कौन विजेता बनकर सामने आता है यह देखना काफी दिलचस्प होगा।